Dignity Health
Rehabilitation Hospital

In partnership with Select Medical

वित्तीय सहायता कार्यक्रमों का सारांश

डिग्निटी हेल्थ रिहैबिलिटेशन हॉस्पिटल की वित्तीय सहायता नीति उन अबीमाकृत या कम बीमाकृत रोगियों के लिए उपलब्ध वित्तीय सहायता कार्यक्रमों का वर्णन करती है जो डिग्निटी हेल्थ रिहैबिलिटेशन हॉस्पिटल द्वारा प्रदान की जाने वाली चिकित्सकीय रूप से आवश्यक अस्पताल सेवाओं के भुगतान में मदद करने के लिए कुछ आय से जुड़ी आवश्यकताएँ पूरी करते हैं। एक अबीमाकृत रोगी वह है जिसके पास चाहे निजी बीमा के माध्यम से या सरकारी कार्यक्रम के माध्यम से, स्वास्थ्य बीमा नहीं है, और जिसे अपने अस्पताल के बिलों के लिए किसी और द्वारा प्रतिपूर्ति किए जाने का अधिकार नहीं है। एक कम बीमाकृत रोगी वह है जिसके पास स्वास्थ्य बीमा सुरक्षा तो होती है, लेकिन उसके अस्पताल के बड़े बिल होते हैं जो उसके बीमा द्वारा पूरी तरह से कवर नहीं किए जाते हैं।

मुफ्त इलाज

- यदि आप संघीय गरीबी स्तर के 200% तक की पारिवारिक आय वाले/वाली अबीमाकृत या कम बीमाकृत हैं, तो आप अस्पताल सेवाएं मुफ्त प्राप्त करने के पात्र हो सकते/सकती हैं।

रियायती इलाज

- यदि आप संघीय गरीबी स्तर के 200-350% के बीच वार्षिक पारिवारिक आय वाले/वाली अबीमाकृत या कम बीमाकृत हैं, तो आप अस्पताल की सेवाओं के लिए अपने बिलों को सरकारी भुगतानकर्ता द्वारा भुगतान की जाने वाली उच्चतम राशि तक कम करने के पात्र हो सकते हैं, जो आम तौर पर वह राशि होती है जिसका भुगतान मेडिकेयर उनही सेवाओं के लिए करेगा।
- यदि आप संघीय गरीबी स्तर के 350-500% के बीच वार्षिक पारिवारिक आय वाले/वाली अबीमाकृत या कम बीमाकृत हैं, तो आप अस्पताल की सेवाओं के लिए अपने बिलों को आम तौर पर बिल की जाने वाली राशि तक कम करवाने के पात्र हो सकते हैं, जो कि संघीय कानून के तहत निर्धारित राशि है जो उस राशि को दर्शाती है जो अस्पताल को निजी स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं और मेडिकेयर (सह-भुगतान और कटौती सहित) द्वारा चिकित्सकीय रूप से आवश्यक सेवाओं के लिए भुगतान की गई होती।

यदि आप हमारी वित्तीय सहायता नीति के तहत वित्तीय सहायता के पात्र हैं तो आपको आम तौर पर बिल की गई ऊपर वर्णित राशि से अधिक भुगतान नहीं करना होगा। यदि आप अर्हता प्राप्त करते हैं, तो आप ब्याज-मुक्त विस्तारित भुगतान योजना का भी अनुरोध कर सकते हैं।

आपातकालीन सेवाएं प्राप्त करने के लिए आपको कभी भी अग्रिम भुगतान या अन्य भुगतान व्यवस्था करने की आवश्यकता नहीं होगी। अस्पताल की वित्तीय सहायता नीति और वित्तीय सहायता आवेदन पत्र की प्रतियां नीचे सूचीबद्ध अस्पताल की वेबसाइट पर ऑनलाइन या मुख्य प्रवेश द्वार के पास स्थित अस्पताल के स्वागत क्षेत्र में उपलब्ध हैं। यदि आप अपने अस्पताल के लिए नीचे सूचीबद्ध टेलीफोन नंबर पर प्रवेश विभाग को कॉल करते हैं, तो इन दस्तावेजों की प्रतियां आपको अनुरोध पर मेल भी की जा सकती हैं।

Traducción disponible: आप अपने अस्पताल की वेबसाइट पर, अपने अस्पताल के स्वागत क्षेत्र में, या अपने अस्पताल के टेलीफोन नंबर पर कॉल करके इन दस्तावेज़ों का स्पेनिश और अन्य भाषा में अनुवाद भी प्राप्त कर सकते हैं।

डिग्निटी हेल्थ रिहैबिलिटेशन हॉस्पिटल एडमिशन कोऑर्डिनेटर और केस मैनेजर सवालों के जवाब देने, हमारी वित्तीय सहायता नीति के बारे में जानकारी प्रदान करने और वित्तीय सहायता आवेदन प्रक्रिया में आपका मार्गदर्शन करने में सहायता के लिए उपलब्ध हैं। अस्पताल के नीचे सूचीबद्ध टेलीफोन नंबर पर हमारे स्टाफ से संपर्क किया जा सकता है।

Dignity Health Rehabilitation Hospital - 2930 Siena Heights Dr., Henderson, NV 89052
दाखिला विभाग 725-726-2010 | www.dignityhealthrehab.com